संदर्भ शर्तें
सीनियर कनसल्टेंट (कानूनी)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली विशुद्ध रूप से अनुबंध आधार पर उपर्युक्त उल्लेखित पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

कार्य से संबंधित जिम्मेदारियां : एनएचएम डिविजन को समर्थन सहित लेकिन केवल निम्नलिखित तक ही सीमित नहीं

ए. एनएचएम डिविजन से संबंधित कानूनी मामले
बी. विधि/स्टैट्यू संबंधी प्रकरणों का परीक्षण और विश्लेषण तथा परामर्श देना
सी. कानूनी मामलों से जुड़े विविध मंचों में फाइल करने के लिए दस्तावेज तैयार करना
डी. दस्तावेजों के कानूनी पुनरीक्षण से जुड़े परामर्श और इनपुट देना
ई. कोई अन्य और सभी कार्य करना जो एनएचएम डिविजन सौंप सकता है
एफ. अन्य कनसल्टेंट्स और/या एनएचएम डिविजन की इकाइयों के साथ समन्वय में कार्य करना
जी. मुकदमे से संबंधित कानून का उल्लेख करने और कार्य करने में सक्षम
एच. सरकारी वकीलों और अन्य प्राधिकारों के साथ समन्वय
आई. देश के उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित न्यायिक प्रकरणों की प्रगति की नियमित निगरानी के माध्यम से एनएचएम डिविजन्स की सहायता करना
जे. एएसजी/संघ सरकार के कानूनी प्रतिनिधियों के साथ समन्वय
के. उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय में लंबित न्यायिक प्रकरणों की याचिकाओं और विविध आवेदनों के पैरा–वार/बिंदुवार उत्तर का मसौदा तैयार करना
एल. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से बाहर के सभी संबंधित पक्षों के साथ समन्वय और पत्राचार
एम. संघ सरकार अर्थात स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की ओर से हलफनामों, हलफनामों के उत्तर में हलफनामों और उत्तर का मसौदा तैयार करना
एन. न्यायालय में महत्वपूर्ण प्रकरणों की सुनवाई में उपस्थित होना और केंद्र सरकार के वकीलों और एलडी एएसजी को प्रकरणों की जानकारी देना

शैक्षिक योग्यता : मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक उपाधि

अनुभव : कानूनी मामलों में 10–15 वर्ष का अनुभव जिसमें से 2–4 वर्ष का अनुभव केंद्र सरकार के साथ होना चाहिए। निम्नलिखित क्षेत्रों में अनुभव भी होना चाहिए : –

1. उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के स्तर पर भर्ती/स्थापना/अनुबंधीय प्रकरणों सहित न्यायालय के प्रकरण/मध्यस्थता प्रकरण संभालना
2. परीक्षा और विधि/स्टैट्यू के विश्लेषण का अनुभव
3. सरकारी प्रशासनिक विनियमन का अच्छा ज्ञान/कानूनी प्रक्रियाओं/श्रम कानूनों/मध्यस्थता प्रकरण में अनुभव, तथा
4. अंग्रेजी में लेखन और मौखिक प्रवीणता/कानूनी मसौदे तैयार करने का कौशल
5. सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली और एनएचएम जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी

उम्र : आवदेन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को व्यक्ति की अधिकतम उम्र 55 वर्ष होनी चाहिए तथा क्षेत्र की यात्रा करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

अनुबंध की अवधि : छंटनी की प्रक्रियाओं (जिसमें छांटे गए उम्मीदवारों का व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल हो सकता है) के उपरांत चयनित उम्मीदवारों को शुरू में एक वर्ष की अवधि के लिए विशुद्ध रूप से अनुबंध आधार पर नियुक्त करने पर विचार किया जाएगा। कार्य की आवश्यकताओं और उपयुक्तता के विषयाधीन अनुबंध की अवधि बढ़ाई जा सकती है।

परिलब्धियां : रुपए 90,000 - 1,50,000 लाख के बीच प्रति माह भुगतान किया जाएगा।

आवेदन कैसे करें : उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन सही तरह से भरने का आग्रह किया जाता है जो एनएचएसआरसी की वैबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में होने पर ही स्वीकार किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10 Jan 2023 है।